सं-538/सी.एम.यू.पी./26

योगी आदित्यनाथ

मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

लोक भवन,
लखनऊ – 226001

दिनांक : 23.06.2026

संदेश

प्रकृति और मानव जीवन का संबंध परस्पर पूरक है। पर्यावरणीय संतुलन, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा आपदाओं के प्रति संवेदनशील और सक्षम समाज का निर्माण सतत विकास की आधारभूत आवश्यकता है। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के क्षरण, प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती चुनौतियों तथा ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े प्रश्न वैश्विक चिंतन के प्रमुख विषय बन चुके हैं। ऐसे में इन मुद्दों पर गंभीर अकादमिक विमर्श और शोध की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस), लखनऊ द्वारा दिनांक 27-28 जून, 2026 को 'सोर्सेज ऑफ प्लेनेट एनर्जी, एनवायरनमेंटल एंड डिजास्टर साइंस (SPEEDS-2026): हिल्स इकोसिस्टम एंड ह्यूमन सर्वाइवल' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 'द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केन्द्र, लखनऊ' तथा 'डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ' के सहयोग से आयोजित यह सम्मेलन समकालीन पर्यावरणीय चुनौतियों और उनके व्यावहारिक समाधानों पर विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा।

पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों का विस्तार, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का सतत प्रबंधन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा जलवायु अनुकूल विकास जैसे विषय मानव सभ्यता के सुरक्षित भविष्य से सीधे जुड़े हुए हैं। इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और नीति आधारित दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना समय की मांग है। मुझे विश्वास है कि यह सम्मेलन इन महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाते हुए ज्ञान और अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा।

मैं राष्ट्रीय सम्मेलन SPEEDS-2026 के आयोजन के लिए आयोजकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। मेरी कामना है कि इस सम्मेलन से प्राप्त निष्कर्ष पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा सुरक्षा तथा सतत विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दें और मानवता के सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध हों।

(योगी आदित्यनाथ)

दूरभाष : 0522-2289017 / 2289010 / 2289167 **फैक्स** - 0522-2239234 **ईमेल** - cmup@nic.in